आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–06 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के कारण लगी आचार संहिता के चलते पिछले दो माह से बंद मुख्यमंत्री का जनता दर्शन कार्यक्रम आज से फिर प्रारंभ हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आज सुबह फरियादियों से मुलाकात की। उन्होंने सबकी बात को इत्मिनान से सुनने के बाद उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोगों के कार्यो की अनदेखी बर्दाश्त नही की जाएगी जनता से जुड़े मुद्दे सरकार की प्राथमिकता में हैं। मुख्यमंत्री से आज मिलने वालों की सख्या काफी अधिक रही इसमें युवाओं की भी बड़ी तादाद शामिल रही।

****

लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शासन के सभी अपर मुख्य सचिव और मुख्य सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर उनके विभाग के कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीएम डैशबोर्ड पर लाभार्थीपरक योजनाओं का पूरा विवरण अपडेट करने और खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिये। उर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि गांव हो या शहर बिजली तभी कटे जब बहुत जरूरी हो। मुख्यमंत्री ने मंडलस्तर पर महिला संरक्षण गृह स्थापित करने के निर्देश भी दिये।

****

बुलंदशहर में भारतीय खाद्यय निगम के गोदाम से राशन की कालाबाजारी की शिकायतों के मामले में शासन ने वहां के जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक और पूर्ति निरीक्षक को निलंबित कर दिया है। इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू भी कर दी गयी है। इस संबंध में खाद्य एवं रसद आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि बुलंदशहर में भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से राशन की कालाबाजारी की शिकायत पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी, प्रशासन की अध्यक्षता में समिति का गठान कर जांच कराई थी। इस मामले में सात लोगों के खिलाफ अभियोग भी पंजीकृत कराया गया है।

****

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स गोरखपुर में आज से हृदय से संबंधित रोगों का इलाज भी शुरू हो गया है। इसकी ओपीडी का शुभारंभ एम्स गोरखपुर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर गोपाल कृष्ण पाल ने किया। उन्होंने बताया कि ओपीडी में हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर मोहम्मद आतिफ खान की सेवा मरीजों को आज से मिलने लगी है। साथ ही हृदय रोगियों की तत्काल जांच के लिए ईको मशीन भी मंगा ली गयी हैं। जबकि ईसीजी की सुविधा यहां पहले से उपलब्ध है।

****

लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने भर्ती परीक्षाओं की संसोधित सूची जारी कर दी है। जून से दिसंबर माह तक आयोग चौदह परीक्षाओं का आयोजन करेगा। इसके अंतर्गत पीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा सत्ताइस अक्टूबर को होगी। इसके अलावा पेपर लीक होने के चलते ग्यारह फरवरी को निरस्त की गयी समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंम्भिक परीक्षा अब बाइस दिसंबर को आयोजित की जाएगी।

****

बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के तत्वावधान में राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा दो हजार चौबीस आगामी नौ जून को होगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं। अभ्यर्थी बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है।

****

शिक्षा का अधिकार अधिनियम, आरटीई के नियमों के तहत निजी स्कूलों में पच्चीस प्रतिशत सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों का निशुल्क प्रवेश लिया जाता है। गोरखपुर में जिन निजी स्कूलों में इस नियम के अन्तर्गत जो सीटें रिक्त रह गयी है उनपर प्रवेश के लिए फिर से आवेदन लिया जाएगा। इस संबंध में गोरखपुर के बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश पर स्कूलों से रिक्त सीटों के सापेक्ष नामांकन की सूचना मांगी गयी है।

(**********

देश का पहला शहरी परिवहन रोप–वे देव दीपावली से वाराणसी में शुरू होने की पूरी संभावना है। सिटी रोप–वे के संचालन से वाराणसी में जाम की समस्या से काफी निजात मिलेगी। रोप–वे का निर्माण आठ सौ सात करोड़ रूपये की लागत से हो रहा है।

****

देश में पाल नौकायन यानी सेलिंग की पहली लीग प्रतियोगिता गोरखपुर के रामगढ़ताल में आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय सेना, मुख्यालय मध्य कमान और उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वावधान में होगा। इसे लेकर कल गोरखपुर की कमीश्नरी सभागार में सेना तथा प्रदेश सरकार के अधिकारियों की एक बैठक हुई जिसमें गोरखपुर के मण्डलायुक्त अनिल ढीगरा को लीग प्रतियोगिता का नोडल अधिकारी नामित किया गया। मण्डलायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता नवंबर महीने के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। बैठक के बाद अधिकारियों ने रामगढ़ताल का निरीक्षण भी किया।

****

भीषण गर्मी से जूझ रहे जिलों के लोगों को मौसम के मिजाज में आये बदलाव से काफी राहत मिली है। आज तड़के प्रदेश के पूर्वी, मध्य और पश्चिमी जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। इस बीच मौसम विभाग ने कल पूर्वी जिलों में मौसम सामान्य रहने का अनुमान लगाया है।

****